## एक नजर में



### किराना व्यवसायी मुकेश गुप्ता का निधन

**सुठालिया 10 मार्च, सं.** मंगलवार को किराना व्यवसाई मुकेश कुमार गुप्ता मऊ वाले का अस्वस्थता के चलते 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वे रामेश्वर गुप्ता गिरिराज गुप्ता के अनुज भ्राता और हेमंत गुप्ता के बड़े भ्राता थे. दोपहर पूर्व स्थानीय मुक्ति धाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. चिता को मुखाग्नि अंकित गुप्ता ने दी. दाह संस्कार में व्यवसायिकगण गणमान्य नागरिको जनप्रतिनिधियों सामाजिक जनों ने शामिल हो दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी.

### बासे पकवानों का भोग लगाया



**छापीहेड़ा 10 मार्च, सं.** शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने शीतला माता की पूजा-अर्चना करते हुए बासे पकवानों का भोग लगाया. माता से घर-परिवार में निरोगी, सुख-समृद्दि और खुशहाली की कामना की गई. महिलाएं सुबह जल्दी शीतला माता के मंदिरों में पहुंची और पूजन के बाद घर पहुंचकर बासोड़ा के रूप में इस पर्व को मनाया गया. घरों में सभी लोगों को प्रसाद और भोजन के रूप में बासी चीजें ही दी गई. शीतला माता को रोगों को दूर करने वाली माना जाता है. (चेचक )नामक रोग को माता ही कहा जाता है. इस दिन शीतला माता को मीठे चावल, हल्दी, चने की दाल आदि का भोग लगाया जाता है. मीठे चावल को आज के दिन गन्ने के रस से बनाया जाता है। जिसे शीतला माता को चढ़ाया जाता है.

### शीतला सप्तमी पर मंदिर में उमड़ी भीड़



**खिलचीपुर 10 मार्च, सं.** नगर में मंगलवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया. इस अवसर पर पैलेस रोड स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली .महिलाएं हाथों में पूजन की थालियां और एक दिन पहले बनाए गए ठंडे-बासी पकवान लेकर मंदिर पहुंचीं और कतार में लगकर माता शीतला के दर्शन किए. सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा. अपनी बारी आने पर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ माता शीतला की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की. इस दौरान मंदिर परिसर में जय माता शीतला के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा. कई श्रद्धालु अपने छोटे बच्चों को भी माता के दर्शन कराने के लिए मंदिर लेकर पहुंचे.

# ठण्ड ने किया मार्च पास्ट, 36 डिग्री पारा

## अभी ग्रीष्म ऋतु आई नहीं, मार्च के पहले सप्ताह से ही सूरज ने दिखाए तेवर, किया हलाकान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 मार्च, का. मार्च के पहले सप्ताह ही ठण्ड ने मार्च पास्ट कर दिया है. वहीं ग्रीष्म ऋतु आने से पहले ही गर्मियों का अहसास होने लगा है. मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान लगभग 36 डिग्री के आसपास आंका गया. वहीं न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया है. मौसम ने होली के बाद अपने तेवर तेज कर दिए है. अभी से गर्मियों का अहसास होने लगा है.**

उल्लेखनीय है कि मार्च महीने के पहले ही सप्ताह में गर्म हवाओं ने दस्तक दे दी है. धूप में तेजी है और सूरज आग बरसाने लगा है. ऐसे में अभी से अप्रैल और मई महीने वाला अहसास होने लगा है. तेज और तीखी धूप के चलते लोग रास्ते में दुकानों के शेड और पेड़ों की छांव तलाशने लगे है.



### बदलते मौसम में बुखार के मरीज बढ़े

इधर बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी के साथ ही बुखार के मरीज अचानक सामने आए है. सामान्य बुखार और गले में टान्सिल की समस्या बच्चों के साथ बड़ो में भी सामने आई है. ओपीडी में सामान्य तौर पर बीते सप्ताहांत में बुखार के मरीजों की संख्या में ईजाफा देखा गया है. सामान्य मौसम के बाद अचानक हुए परिवर्तन के बाद सर्वाधिक असर बच्चों में देखने को मिला है. हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सामान्य बुखार में इन दिनों सावधानी बरतने की जरूरत है.

### जल्द बन सकती है जलसंकट की स्थिति

लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण जिले में जलसंकट की स्थिति बन सकती है. कई स्थानों पर अभी से पेयजल की व्यवस्थाएं चरमराने लगी है. यदि तेज गर्मी जारी रहती है तो जलस्त्रोतों पर इसका असर पड़ेगा. अनुमान के अनुसार अभी से तापमान अधिकतम 36 डिग्री पहुंच रहा है. ऐसे में वर्ष 2024 वाली स्थिति निर्मित हो सकती है जिसमें कई जगह ट्यूबवेल और अन्य जलाशय रीत गए थे. हालांकि प्रशासन और जलनिगम की टीमों ने गांवों में स्थिति का बीते दिनों जायजा लिया है और जिला प्रशासन ने जलप्रदाय व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश भी दिए है.

### अभी स्थिर रहेगा तापमान

इधर मौसम विज्ञान केन्द्र से जुड़े सूत्रों के अनुसार तापमान अभी इसी प्रकार 35 से 37 डिग्री के आसपास बना रहेगा. अगले एक सप्ताह तक तापमान इसी प्रकार बना रहेगा. हालांकि विक्षोभ परिवर्तन होता है तो अधिकतम तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है. यदि ऐसा नहीं होता है तो अगले पखवाड़े में और गर्मी झेलनी पड़ सकती है.



# साईड मांगने पर किया विवाद, पिटाई के बाद हुई मौत

## युवक की मौत आरोपी को पकड़ा पुलिस ने

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 10 मार्च, सं. सड़क पर चलते समय पिकअप वाहन से साईड मांगना अधेड़ को भारी पड़ा. पिकअप चालक ने उनके साथ पिटाई की जिसमें ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मामले में पुलिस ने एक महीने बाद आरोपी की शिनाख्त कर हिरासत में ले लिया है.**

मामला बीते 09 फरवरी का है. फरियादी कुलदीप पिता मनोहर राजपूत निवासी देवपुर थाना चाचौड़ा जिला गुना द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपने परिचित भगवान सिंह पिता मांगीलाल राजपूत उम्र 60 वर्ष निवासी सिरोजी थाना खुजनेर के साथ जा रहा था. रास्ते में भोजपुर नाका खिलचीपुर पर साइड मांगने की बात को लेकर एक पिकअप वाहन चालक से विवाद हो गया. विवाद के दौरान आरोपी ने लोहे की रॉड से भगवान सिंह के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई. घटना के समय फरियादी आरोपी को पहचानता नहीं था, परंतु विवाद के दौरान आरोपी द्वारा कहा गया कि मेरा नाम कैलाश तंवर निवासी राजपुरा है, जो करना है कर लेना. इसके बाद आरोपी मौके से पिकअप वाहन लेकर फरार हो गया. घायल को परिजन उपचार हेतु बिना सूचना दिए झालावाड़ ले गए, जहां से बाद में रात्रि लगभग 09.00 बजे सिविल अस्पताल खिलचीपुर लाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. प्राप्त रिपोर्ट पर थाना खिलचीपुर में अपराध क्रमांक 82/2026 धारा 103, 296(बी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया गया, जिससे घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन की पहचान की गई. साथ ही मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी संसाधनों को सक्रिय किया गया. सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आरोपी कैलाश पिता हजारीलाल तंवर निवासी राजपुरा थाना खिलचीपुर को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई. कार्यवाही में उमाशंकर मुकाती थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक विष्णु मीणा, सउनि नरेश मीणा, जय सिंह मीणा, कृष्णचंद तिवारी, राजेंद्र शर्मा, राजीव गुर्जर, कमल मीणा, विशेष जाट, देवेंद्र रघुवंशी, धर्मेंद्र अहिरवार, रवि जाट एवं थाना जीरापुर से एवं सायबर सेल राजगढ़ से जितेंद्र अजनारे की भूमिका रही.

## फूलमाली समाज भेरू दरवाजा पंचायत की बैठक संपन्न



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 10 मार्च, सं.** फूल माली समाज भेरू दरवाजा पंचायत की एक एम बैठक श्री राम मंदिर परिसर में सोमवार रात्रि में रखी गई जिसमें आगामी राम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर अहम प्रस्ताव सर्व सम्माती पास किए गए.

जिसमे समय के पूर्व रामनवमी उत्सव मनाने के लिए निर्धारित राशि अष्टमी तक जमा करना अनिवार्य है, समाज के आयोजन में शामिल होना जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए.

बैठक में वरिष्ठ समाज सेवी हीरालाल पुष्पद, दुलीचंद पुष्पद, भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, सचिव सुरेश पुष्पद, संतोष टेलर, खैमराज पुष्पद पान, संजू मेडिकल, राजेश पुष्पद, रामबाबू पुष्पद, श्याम पुष्पद, सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थिति थे. नवनियुक्त फूल माली समाज अध्यक्ष का किया स्वागत, बैठक के दौरान नवनियुक्त फूल माली समाज अध्यक्ष संतोष पुष्पद का सभी समाजनों ने पुष्पमाला एवं साफा बांधकर स्वागत किया.

## माता शीतला को लगाया ठंडे बासी भोजन का भोग



**जीरापुर 10 मार्च, सं.** शीतला सप्तमी पर माता शीतला को ठंडा एवं बासी भोजन का भोग लगाकर पूजा अर्चना का एक विशेष महत्व है. नगर के माताजी मोहल्ला स्थित शीतला माता का एक मात्र मंदिर है जहां पर सभी समाज की महिलाओं द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ माता रानी को ठंडे बासी भोजन का भोग लगाया गया. माताजी मोहल्ला स्थित मंदिर परिसर में नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था की गई तथा चुड़ी गली से मंदिर तक मेटी और कारपेट बिछाए गए. साथ ही मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया. मंदिर परिसर में रात्रि से ही पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद के कर्मचारी तैनात रहे. जहां देर रात से बड़ी संख्या में महिलाएं कतारों में पहुंचकर माता शीतला की पूजा-अर्चना कर भोग लगाती रहीं.

## होली मिलन समारोह आयोजित

### कुरीतियों को दूर कर शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 मार्च, का. होली पर्व के उपलक्ष्य में नामदेव समाज द्वारा नगर में होली मिलन समारोह उत्साह भरे वातावरण में आयोजित किया गया.**

अजनार नदी के तट पर बाग वाले हनुमान मंदिर प्रागंण में होली मिलन समारोह रखा गया. पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. समाज के वरिष्ठजनों ने संबोधित करते हुए कुरीतियों का त्याग करते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही. साथ ही समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए सामाजिक आयोजनों में बढ़चढ़कर भाग लेने को कहा. एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी.

इस अवसर पर रमेशचंद्र नामदेव, डा. घनश्याम नामदेव, सत्यनारायण नामदेव, जगदीश नामदेव, मोहनचंद्र एम के टेलर, पुरुषोत्तम नामदेव, राधेलाल टेलर, गौरीशंकर टेलर, सत्यनारायण नामदेव सराई, नरेन्द्र, सुरेन्द्र नामदेव, रामबाबू नामदेव, प्रेमनारायण नामदेव, महेश नामदेव सहित समाज बंधु उपस्थित रहे.

### उर्स मेले में बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति पर रोक

**राजगढ़.** बाबा बख्शानी दरगाह पर लगने वाले वार्षिक उर्स मेले में बालश्रम और बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए बाल कल्याण समिति ने उर्स प्रबंधन समिति को निर्देश जारी किए हैं. बाल कल्याण समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि मेले में दुकानों और झूलों पर बालश्रम नहीं कराया जाए. इसके लिए माइक से जागरूकता संदेश प्रसारित करने और दुकानों पर हमारे यहां बालश्रम नहीं कराया जाता के स्टीकर लगाने के निर्देश दिए गए हैं.

## शीतला सप्तमी पर माता को बासी व्यंजनों का भोग लगाया



नवभारत न्यूज

**पडाना 10 मार्च, सं.** नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल मऊ, मगराना, आशारेटा, बरुखेडी इत्यादि ग्रामीण अंचलों मे मातृशक्तियों ने परिवार के सुख समृद्धि माता की कृपा प्राप्ति एवं बच्चों एवं भाइयों की आरोग्यता को लेकर सुबह 5 बजे से ही शीतला माता मंदिर पहुंच कर शीतला माता को ठंडा पानी अर्पित कर रोली अक्षत लाल फूल धूप दीप इत्यादि से पूजा कर बासी भोजन का भोग लगाया. इसी के चलते नगर के शीतला माता चौराहा, परमार मोहल्ला, अंबेडकर मोहल्ला, तलेन रोड शीतला माता मंदिर पर शीतल सप्तमी का त्यौहार बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया. शीतला माता चौराहा पर पूजा अर्चना करने आई महिलाओं प्रीति गुप्ता, रजनी चौरसिया, मंगला गुप्ता, वंदना, पुष्पा, ज्योति गुप्ता, बृजबाला, निर्मला, खुशबू , कलाबाई, राधाबाई, आशाबाई, सुशीला बाई, रुक्मिणी, निधि, कृष्ण गुप्ता आदि महिलाओं ने बताया कि रंग पंचमी के दूसरे दिन शीतला सप्तमी त्यौहार मनाया जाता है. जो ऋतु परिवर्तन का संदेश देता है

## होली-रंगपंचमी के सफल आयोजन पर आभार

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 10 मार्च, सं.** नगर में होली एवं रंगपंचमी पर्व के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय रंगारंग महोत्सव के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के बाद हिन्दू उत्सव समिति ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया. समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय उत्सव में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे सप्ताह शहर में हर्षोल्लास व उत्सव का वातावरण बना रहा. उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के सफल संचालन में मंत्री गौतम टेटवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल तथा प्रशासन का विशेष सहयोग रहा. विशेष रूप से एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद्र सिंह,थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, नगर पालिका परिषद सीएमओ दीपक रानवे एवं पुलिस प्रशासन तथा राजस्व प्रशासन नपा प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद व्यक्त किया. उनके अनुसार सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. जिससे सभी कार्यक्रम व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके. नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई.

## पांच हेक्टेयर भूमि में बनेगा विशाल गेट होगी बाउंड्री बाल

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 10 मार्च, सं.** ग्राम भैंसवा माता बिजासन धाम में बनने वाली शासकीय आवासीय संस्कृत वैदिक पाठशाला की करीब बीस बीघा जमीन की बाउंड्रीबॉल एवं स्वागत द्वार बनाई जाना पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा प्रस्तावित किया है.

सोमवार को संस्थान के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर डाक्टर जे.पी.अरोरा एवं सहायक इंजीनियर लखनलाल एवं संजय शर्मा तकनीकी सहायक द्वारा धरातल पर भू माप कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया. यह आपको बता दे कि मध्यप्रदेश पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा बिजासन धाम भैंसवा माताजी में संस्कृत वैदिक पाठशाला संचालित की जा रही है जिसके लिए सरकार द्वारा करीब बीस बीघा जमीन संस्थान को उपलब्ध कराई गई है.

वैदिक पाठशाला के आवासीय भवन का भूमिपूजन पूर्व में शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर की मौजूदगी में पूर्व में किया जा चुका है. सोमवार संस्थान की तकनीकी टिम द्वारा सम्पूर्ण भूमि का निरीक्षण कर प्रवेश द्वार एवं बाउंड्रीबल का एक माह में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया है. एक्जेक्यूटिव इंजीनियर डॉ सिंह ने बताया कि संस्थान की ओर से कक्षा एक से बारह तक के लिए आवासीय भवन सहित पाठशाला भवन बनाने का प्लान तैयार किया जा चुका है. जिसके टेंडर जल्द विभाग द्वारा लगाए जाने हैं. वहीं भवन के साथ ध्यान केंद्र पार्किंग एवं पार्क निर्माण किया जाना तय किया गया है. इस अवसर पर शासकीय संस्कृत वैदिक पाठशाला के अध्यक्ष कंवर लाल यादव, हल्का पटवारी कन्हैयालाल फुलेरिया, संस्थान के सदस्य हेमराज पटेल, राजेश भंडारी एवं शिक्षक लक्ष्मीचंद नागर वा सभी शिक्षक मौजूद रहे.

**मामला** जब मंडी में रुकी नीलामी, उपज बदले जाने का मामला आया सामने

# तौल के लिए दुकान पहुंची सरसों से रूकी नीलामी


### ब्यावरा कृषि उपज मण्डी का मामला सामने आया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 मार्च, का. मंगलवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी में नीलामी एवं तौल के दौरान उपज बदले जाने का मामला सामने आने पर कुछ समय के लिए नीलामी रुक गई.**

जानकारी के अनुसार एक नीलामी में सरसों 5700 रुपये प्रति क्विंटल गई किंतु जब सरसों को संबंधित फर्म पर तौल के लिए ले जाया गया तो वहां नीलामी के दौरान बताई उपज न होकर दूसरी उपज होने का मामला सामने आया. जिसमें मिट्टी आदि की मिलावट होने की बात कही गई. इस दौरान करीब आधे घंटे तक मंडी में नीलामी कार्य रुका रहा.

इसकी जानकारी मंडी प्रबंध को दी गई. मंडी प्रबंधन द्वारा उक्त उपज के ट्रेक्टर को सिटी पुलिस थाने में खड़ा करवा दिया गया. तत्पश्चात नीलामी कार्य पुन: शुरु हो सका.



### 13 मार्च को मिलेगी पीएम सम्मान निधि की 22 वीं किश्त

पीएम किसान की 22वीं किस्त 13 मार्च 2026 को जारी की जाएगी, जिसके तहत पात्र किसानों के बैंक खातों में 2 हजार रूपये की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित की जाएगी. लाभार्थी किसान अपना स्टेटस पीएम-किसान की बेवसाइट पर जाकर आधार नंबर या बैंक खाते के माध्यम से चेक कर सकते हैं.

### 16 मार्च से शुरू होगा गेहूं उपार्जन, जिले में 36 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 16 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा. उपार्जन कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने तथा उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता, तौल कांटे, नमी मापक यंत्र, साफ-सफाई, पेयजल, छाया तथा किसानों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर बिजली, कम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था भी समय से कर ली जाए, ताकि पंजीकृत किसानों का गेहूं उपार्जन कार्य सुचारू रूप से किया जा सके. उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की स्लॉट बुकिंग के आधार पर किसानों को उनके निर्धारित दिन और समय पर ही उपार्जन केन्द्र पर बुलाया जाए.


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति जीरापुर जिला राजगढ़ म.प्र.**

ई-मेल awmjirraj-mp@nic.in, mpapmczirapur@gmail.com

क्रमांक/मंडी/भोजन/25-26/436 जीरापुर दिनांक 10/03/2026

**निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मंडी समिति के नवीन प्रांगण में कृषकों की भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु मोहरबंद लिफाफे में निविदाएं दिनांक 31/03/2026 समय शाम 5 :00 बजे आमंत्रित की जाती है. भोजन मीनू 6 पूड़ी सब्जी अथवा 6 रोटी दाल तथा सब्जी है निविदाएं दिनांक 31/03/2026 कार्यालयीन समय में प्राप्त की जावेगी. अन्य शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती है. उक्त निविदाएं दिनांक 02/04/2026 को समय 1 :00 बजे खोली जावेगी.

तहसीलदार/भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
जीरापुर जिला राजगढ़ म.प्र.

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
जीरापुर जिला राजगढ़ म.प्र.